दिनांक–25.05.2026 को सचिव, पंचायती राज विभाग की अध्यक्षता में निर्मित पंचायत सरकार भवन में डाकघर संचालन के प्रगति की समीक्षा बैठक की कार्यवाही :–

बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारी शामिल हुए :–

(1) श्री नजर हुसैन, अपर सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार
(2) श्री मनीष कुमार, वरीय अधीक्षक, पटना प्रमंडल, India Post

निर्मित पंचायत सरकार भवन में डाकघर संचालन के प्रगति की समीक्षा के क्रम में निम्नांकित निदेश दिये गये:–

1. समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पूरे बिहार राज्य में कुल 8047 डाकघर की शाखाएँ किराये के भवन में संचालित है। अद्यतन स्थिति तक कुल 3023 पंचायत सरकार भवन का निर्माण किया गया है। अबतक प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार 1377 पंचायत सरकार भवन में डाकघर का संचालन किया जा रहा है। शेष निर्मित पंचायत सरकार भवन में यथाशीघ्र डाकघर के संचालन हेतु अनुरोध किया गया है।
2. वैसे शाखा डाकघर (Branch Post Office) जिसका संचालन किराये के भवन में की जा रही है, की सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। प्राप्त सूची को जिला भेजते हुए स्थानीय स्तर पर समन्वय स्थापित कर नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन में डाकघर स्थानांतरण हेतु आवश्यक कार्रवाई का निदेश दिया गया।
3. निर्मित पंचायत सरकार भवन में डाकघर स्थानांतरण नहीं किये जाने के कारणों से अवगत कराने का अनुरोध डाक विभाग से किया गया।
4. डाकघर के द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे सेवाओं की सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया ताकि ग्राम सभा के माध्यम से आम लोगों को इसकी जानकारी दी जा सके। साथ ही ग्राम सभा में डाक विभाग के स्थानीय स्तर के पदाधिकारी/कर्मी को भी भाग लेने का अनुरोध किया गया ताकि डाक विभाग के द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के संबंध में आम लोगों को जागरूक किया जा सके।
5. डाकघर के द्वारा दी जा रही सेवाओं का प्रचार–प्रसार Flex, दीवार लेखन इत्यादि के माध्यम से भी किये जाने का अनुरोध किया गया है। इस हेतु पंचायती राज विभाग के द्वारा पंचायत सरकार भवन में मुख्य स्थान पर जगह उपलब्ध करायी जाएगी। पंचायत सरकार भवनों में संचालित डाकघर के द्वारा

कृ०पृ०उ०...........

दी जा रही सेवाओं के संबंध में मासिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

6. पंचायत सरकार भवनों में संचालित डाकघर के द्वारा दी जा रही सेवाओं के संबंध में मासिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

7. पंचायत सरकार भवन में संचालित डाकघर में उपस्कर यथा कुर्सी, मेज, अलमीरा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

अंत में धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाई समाप्त की गयी।

(मनोज कुमार) 27/05
सचिव
पंचायती राज विभाग

ज्ञापांकः–29/वि०-17-149/2019/8320/पं०रा० पटना, दिनांक 29/5/2026
प्रतिलिपि :–मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन) 27/5/26
अपर सचिव

ज्ञापांकः–29/वि०-17-149/2019/8320/पं०रा० पटना, दिनांक 29/5/2026
प्रतिलिपि :–सभी जिलाधिकारी/सभी उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद/जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन) 27/5/26
अपर सचिव

ज्ञापांकः–29/वि०-17-149/2019/8320/पं०रा० पटना, दिनांक 29/5/2026
प्रतिलिपि :–सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव/निदेशक के आशुलिपिक/सभी वरीय प्रभारी पदाधिकारी/सभी प्रभारी पदाधिकारी, पंचायती राज विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन) 27/5/26
अपर सचिव

ज्ञापांकः–29/वि-17-149/2019/8320/पं०रा० पटना, दिनांक 29/5/2026
प्रतिलिपिः–आई०टी० मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन) 27/5/26
अपर सचिव